**एमपी पीएससी •** 12 मई के बजाय अब 25 से शुरू होंगे आवेदन

# सवा दो माह में भी सेट का एक भी रिजल्ट नहीं असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती आवेदन की तारीख बढ़ी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

एमपी-पीएससी ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के 6 विषयों के आवेदन की तारीखें एक बार फिर बढ़ा दी हैं। पहले यह 10 मई से शुरू होना था, लेकिन अब 25 मई से शुरू हो पाएंगे। 26 जून तक अभ्यर्थियों को आवेदन का मौका मिलेगा। ऑनलाइन आवेदनों की सुधार की शुरुआत 30 मई से होगी और इसके लिए 28 जून तक का समय मिलेगा। जिन विषयों के आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है, उनमें संस्कृत, भूगोल, फिजियोलॉजी, लॉ, जियोलॉजी व योगिक साइंस शामिल हैं। जानकारी के अनुसार पीएससी की 1 मार्च को हुई सेट (स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट) का एक भी रिजल्ट अब तक नहीं आया है। यह बड़ी वजह मानी जा रही है कि तारीख आगे बढ़ाना पड़ी है। अभी तक 31 में से 11 विषयों की फाइनल आंसर की तक नहीं आई है।

दरअसल, जो अभ्यर्थी क्वालिफाई होंगे, उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए पात्रता मिल जाएगी। पहले 10 मई से 9 जून तक अवसर दिया जाना था। हालांकि, तारीखें आगे बढ़ाने पर पीएससी ने ऑफिशियल तौर पर कोई कारण नहीं लिखा है।

## 12 जुलाई को है असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती का पहला चरण

19 विषयों के 1239 पदों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा तीन शिफ्टों में होना है। पहला चरण 12 जुलाई को होने जा रहा है। जबकि दूसरा चरण 2 अगस्त व अंतिम 30 अगस्त को होगा। पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान किया गया है। इस बार सबसे ज्यादा 125 पद बॉटनी में हैं। फिजिक्स में 120 और जूलॉजी में119 पद हैं। वहीं केमिस्ट्री में 116 पद दिए गए हैं। गणित में 107 पद दिए गए हैं। वहीं इकोनॉमिक्स में 72 तो जियोग्राफी में 74 पद हैं। संस्कृत के 34 पद दिए गए हैं। इस बार इंग्लिश में 56 व हिंदी में 57 पद दिए गए हैं। इसी तरह सोशियोलॉजी में 71 व पॉलिटिकल साइंस में 73 पद हैं, जबकि कॉमर्स में 88 पद रहेंगे।

## सेट का एक भी नतीजा नहीं- 31 विषयों के लिए हुई थी सेट

इस बार सेट योग, शारीरिक शिक्षा, संस्कृत विषय (ज्योति प्राच्य, साहित्य, व्याकरण, धर्म), उर्दू तथा पृथ्वी, वायु मंडलीय महासागर, गणितीय विज्ञान, मनोविज्ञान मराठी, संगणक विज्ञान एवं अनुप्रयोग, लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, नृत्य, दर्शन शास्त्र, चित्रकला और ग्रह विज्ञान सहित कुल 31 विषयों के लिए हुई। पिछले साल 1 लाख 21 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस बार संख्या उसकी तुलना में 25 हजार ज्यादा थी। इस बार 1 लाख 46 हजार आवेदन आए थे।

# एमपी बोर्ड की दूसरी परीक्षा शुरू, 15 मई से होंगे सीबीएसई के पेपर

भास्कर संवाददाता | इंदौर

बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा दौर शुरू हो चुका है। माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की वर्ष की दूसरी परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई है। इस परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 39 परीक्षा केंद्रों पर करीब 25 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। इसमें 10वीं के 11 हजार 881 और 12वीं के 13 हजार 622 परीक्षार्थी शामिल हैं। खास बात यह है कि इस परीक्षा में लगभग 2 हजार छात्र ऐसे भी हैं जो केवल अपना स्कोर सुधारने के लिए दोबारा परीक्षा में बैठ रहे हैं।

पहले दिन हाई स्कूल में हिंदी और हायर सेकंडरी में सभी विषय के पेपर हुए। दरअसल, इस परीक्षा का रिजल्ट इसी माह के अंत तक जारी करने की तैयारी है, ताकि पास होने वाले समय पर कॉलेज में एडमिशन ले सके। शुक्रवार को दसवीं के गणित की परीक्षा होगी। सोमवार को विज्ञान, बुधवार को संस्कृत, गुरुवार को सामाजिक विज्ञान और मंगलवार को अंग्रेजी की परीक्षा होना है। एक ओर एमपी बोर्ड की ये परीक्षा चल रही है, वहीं दूसरी ओर सीबीएसई के विद्यार्थियों के लिए भी परीक्षाओं की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

सीबीएसई के पेपर 15 मई से होंगे। शहर के परीक्षा केंद्रों पर इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सुबह 10.30 बजे से होने वाले पेपर के लिए विद्यार्थियों को सुबह 9.45 बजे तक अनिवार्य रूप से परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।


# भास्कर CLASSIFIED

अब Classified Ad ऑनलाइन बुक करें- Call: 9772019222

**भास्कर APPOINTMENT**

**ड्रायवर**

भारत के सबसे बड़े राइड - बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें – 8929449955

**ऑफिस स्टॉफ**

Required Branch/ Regional/ Zonal/ General Manager for a NSE Listed Logistics Company at all major centres of the country. Experience in Full truck load business is must. E-mail CV at hrd@gicl.co

**पार्टटाइम**

MNC expanding in MP, we require people to work as self employed. Good income, training provided. Call details: 9755799145/ 8962604069

छोटा विज्ञापन, बड़ा फायदा

**प्रॉपर्टी PROPERTY**

**रेसीडेंशिल-फॉर सेल RESIDENTIAL-FOR SALE**

**बंगला**

Semi-commercial Bunglow for sale in Dhar Kothi Colony Indore 1,500 SFT corner Plot 3,000 SFT built up area 6 bed room 8 toilets 2 open terrace 2 parking 7008661684

★ बेचना है नवनिर्मित रो-हाउस कॉर्नर 1550 sf प्लॉट साइज पर 2100sf 4 बीएचके, पूर्णतय सुरक्षित कैंपस प्राइम लोकेशन इंदौर, रोबोट स्क्वायर के पास। 9893073990

**मल्टी प्रॉपर्टी**

प्लॉट खरीदना/ बेचना -महालक्ष्मीनगर, हरेकृष्ण विहार, पंचवटी, सिल्वर पार्क, सॉईकृपा, पावनधाम, राधिका पैलेस, गोयल एवेन्यू, धनलक्ष्मी, लेण्डलार्ड, प्रिसेस स्टेट, सैटेलाइट जंक्शन, फोनिक्स, संस्कृती शुभांगन, सात्विक विहार, हाइवे स्मार्ट सिटी, प्लेटीनम पैरेडाइज, इन्फोसिटी, सिंगापुर गोल्ड सिटी, IDA 94, 134, 136, 114 सांई बिल्डर्स 98265-64646, 98276-16168

**कंस्ट्रक्शन**

✓ मकान, फ्लैट रेनोवेशन स्पेशलिस्ट, कंस्ट्रक्शन, अल्ट्रेशन, वुडन फर्नीचर्स, मॉड्यूलर किचन, पेंटिंग, फेब्रिकेशन, टाइल्स, WATER PROOFING ग्यारण्टेड A2Z हाउस रिपेरिंग महावीर जैन कंस्ट्रक्शन, P.W.D Registered, इंदौर 98260-12304

रिश्तों को जोड़ने का सशक्त माध्यम भास्कर वैवाहिक

**ज्योतिष ASTROLOGY**

**ज्योतिष**

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी ग्रहकलेश पति-पत्नी में अनबन सौतन-दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9045277934

छोटा विज्ञापन, बड़ा फायदा दैनिक भास्कर क्लासीफाइड

**लोन फायनेंस**

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ख़राब भी कॉल करे:- 9588389672, 9588703987

नाम परिवर्तन एवं ज़ाहिर सूचना के विज्ञापन ऑनलाइन बुक करें

ऑफिस स्पेस किराये पर देने का स्मार्ट और भरोसेमंद तरीका भास्कर में विज्ञापन दें।



BhaskarAd.com | 97720 19222

DB Corp Ltd पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। डीबी कॉर्प लिमिटेड विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। डीबी कॉर्प लिमिटेड के प्रिंटर, प्रकाशक, संपादक और मालिक। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो दैनिक भास्कर प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।


**कोर्स और स्कॉलरशिप •** प्रतिष्ठित संस्थानों से एआई, कंप्यूटर साइंस और हेल्थ केयर में MSc का मौका

# विदेश से मास्टर्स का मौका: यूके के संस्थानों में भारतीय छात्रों को 3 से 10 लाख रु. तक की स्कॉलरशिप मिलेगी

एजुकेशन डेस्क | नई दिल्ली

यूनाइटेड किंगडम के तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने 2026 सत्र के लिए कई क्षेत्रों में मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एमएससी विज्ञान, तकनीक, कंप्यूटर, गणित और बायोसाइंस जैसे विषयों में किया जाने वाला पीजी डिग्री कोर्स है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कंप्यूटर साइंस और बायोसाइंसेज जैसे तेजी से उभरते क्षेत्रों में ये संस्थान छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा, प्रैक्टिकल इंडस्ट्री अनुभव और आकर्षक स्कॉलरशिप के अवसर दे रहे हैं। इन कोर्सेज की कक्षाएं सितंबर से शुरू होंगी, जिससे भारतीय छात्रों के लिए विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करने का अच्छा मौका तैयार हुआ है। यहां तीनों विश्वविद्यालयों के कोर्स, फीस और स्कॉलरशिप की जानकारी दी गई है।

## जानें तीनों यूनिवर्सिटीज के कोर्स और फीस के बारे में...

### 1. यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्रैथक्लाइड

**हेल्थ केयर में एमएससी**

- यहां बायोमेडिकल साइंसेज, न्यूरोसाइंस एंड मेंटल हेल्थ, कैंसर थेरेपीज और एडवांस्ड बायोकैमिस्ट्री जैसे 1 वर्षीय MSc प्रोग्राम हैं।
- संस्थान 11 मई को भारत के छात्रों के लिए एक ऑनलाइन वेबिनार (शाम 6:30 बजे) कराएगा, जहां कोर्स की जानकारी दी जाएगी।
- विदेशी छात्रों के लिए दो स्कॉलरशिप हैं।
- फैकल्टी ऑफ साइंस इंटरनेशनल एक्सिलेंस स्कॉलरशिप: उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन करने वालों को 8.98 से 10.26 लाख रुपए तक की स्कॉलरशिप मिल सकती है (अधिकतम 40 छात्रों को)। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।
- फैकल्टी ऑफ साइंस इंटरनेशनल मास्टर्स स्कॉलरशिप: इसमें 7.70 लाख रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी। 31 जुलाई तक फॉर्म भरें।

### 2. यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड

**एमएससी कंप्यूटर साइंस विद स्पीच एंड नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग**

- मशीन लर्निंग व नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में रुचि रखने वालों के लिए यह 1 साल का फुल-टाइम कोर्स है, जो सितंबर में शुरू होगा।
- इसके लिए कंप्यूटर साइंस, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग या गणित में 65% अंकों के साथ यूजी ऑनर्स होनी चाहिए (कुछ मामलों में लिंग्विस्टिक्स और साइकोलॉजी के छात्र भी पात्र हैं)। IELTS 6.5 आवश्यक है।
- इस कोर्स के लिए भारतीय छात्रों की फीस लगभग 42.11 लाख रुपए है। सितंबर में दाखिला लेने वालों को 3.85 लाख रुपए की ट्यूशन फीस में स्कॉलरशिप मिलेगी।
- यह प्रोग्राम चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे आधुनिक AI टूल्स के पीछे काम करने वाली तकनीकों से परिचित कराता है।

### 3. यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स

**एमएससी एआई फॉर बिजनेस**

- यह कोर्स उन छात्रों के लिए है, जो तकनीक और बिजनेस दोनों क्षेत्रों की समझ के साथ करियर बनाना चाहते हैं।
- यह 12 महीने का फुल-टाइम कोर्स है, जो सितंबर महीने से शुरू होगा। किसी भी विषय में 65% अंकों के साथ बैचलर डिग्री वाले पात्र हैं। अंग्रेजी भाषा दक्षता के लिए IELTS में 6.5 बैंड चाहिए, जिसमें किसी भी सेक्शन में 6 से कम अंक नहीं होने चाहिए।
- भारतीय छात्रों के लिए इस कोर्स की कुल फीस लगभग 42 लाख रुपए है।
- पढ़ाई के दौरान छात्रों को 2 सप्ताह के ऑनलाइन 'ग्लोबल इंडस्ट्री प्रोग्राम' में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, जहां वे क्लाइंट्स के साथ काम कर कंसल्टेंसी का अनुभव हासिल कर सकेंगे। स्कॉलरशिप जारी नहीं हुई है।

# CSIR NET 2025 के ई-सर्टिफिकेट जारी

**नई दिल्ली** | नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने जॉइंट CSIR-UGC NET दिसंबर 2025 परीक्षा के ई-सर्टिफिकेट जारी कर दिए हैं। परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब आधिकारिक वेबसाइट csirnet.nta.nic.in पर जाकर अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। जॉइंट CSIR-UGC NET परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (JRF), असिस्टेंट प्रोफेसर पद और पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। दिसंबर 2025 सत्र की परीक्षा 18 दिसंबर 2025 को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) मोड में पांच विज्ञान विषयों के लिए आयोजित हुई थी। इस परीक्षा में कुल 1,54,080 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा का रिजल्ट 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया था। ई-सर्टिफिकेट डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को वेबसाइट पर जाकर जॉइंट CSIR-UGC NET दिसंबर 2025 ई-सर्टिफिकेट लिंक पर क्लिक करना होगा।

## कार्यालय जिला पंचायत - रतलाम (म.प्र.)

ईमेल-ceozprat@mp.gov.in फोन नं. 07412-270404

क्रमांक/2572/वाहन/2026 रतलाम, दिनांकः 07.04.2026

**॥ विज्ञप्ति ॥**

कार्यालय जिला पंचायत रतलाम में **4 पहिया वाहनों (बोलेरो / स्कार्पियों / महिंद्रा / टीयूवी एवं ईनोवा (क्रिस्टा)) की आवश्यकता होने से वर्ष 2024 के पश्चात क्रय हुए वाहन शासन द्वारा निर्धारित मासिक किराया दर पर लगाए जाना है।**

अतः जो भी वाहन मालिक अपने वाहन शासन द्वारा निर्धारित किराया दर पर इस कार्यालय में लगाना चाहते है, वह कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर जिला पंचायत कार्यालय से आवेदन-पत्र प्राप्त कर अपना आवेदन पत्र उक्त विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 07 दिवस के अंदर, पूर्ति पश्चात कार्यालय में जमा कर सकते है। वाहन का मासिक किराया, वाहन अनुबंध की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत रतलाम**

## जॉब लिस्टिंग

**कुल पद 14181**

**• UPSSSC**

**पोस्ट:** प्लाटून कमांडर, अन्य

295 कुल पद | **वेतनमान** नियम अनुसार

- **आवेदन:** 6 जुलाई
- **पात्र:** पीईटी, यूजी, पीजी, अनुभव
- **आयु:** 21 से 45 साल

www.upsssc.gov.in

**• यूपी चयन आयोग**

**पोस्ट:** तकनीकी सहायक-सी

2759 कुल पद | **वेतनमान** 25500-81100 रु.

- **आवेदन:** 11 जून तक
- **पात्र:** यूजी
- **आयु:** 21 से 40 साल

www.upsssc.gov.in

**• झारखंड TET**

**पोस्ट:** टीचर

जारी नहीं कुल पद | **वेतनमान** नियम अनुसार

- **आवेदन:** 21 मई • **फीस:** 1300
- **पात्र:** 12वीं, बीएड, डीएड
- **आयु:** न्यूनतम 21 साल

www.jacexamportal.in

**• रेलवे**

**पोस्ट:** अ.लोकोपायलेट

11127 कुल पद | **वेतनमान** 19,900 रुपए

- **आवेदन:** 14 जून तक
- **पात्र:** 10वीं, आईटीआई
- **आयु:** 18 से 30 साल

www.rrbapply.gov.in

## नॉलेज टेस्ट

**Q1.** सौरमंडल का कौन-सा ग्रह लगभग 98° झुककर अपनी धुरी पर 'लेटकर' घूमता है?

**[A]** नेपच्यून **[B]** यूरेनस **[C]** शनि **[D]** मार्स

**Q2.** तस्वीर में दिख रहे ये अधिकारी भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के वर्तमान गवर्नर हैं। इनका नाम क्या है?



**[A]** एम. नागेश्वर राव **[B]** संजय मल्होत्रा
**[C]** टी. रबी शंकर **[D]** स्वामीनाथन जानकीरमन

उत्तर: 1. यूरेनस 2. संजय मल्होत्रा

## वर्ड ऑफ द डे

**प्लेजर ऑफ द गवर्नर**

- **प्लेजर** ऑफ द गवर्नर का अर्थ राज्यपाल की इच्छा होता है। संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद तब तक पद पर बने रहते हैं, जब तक उन्हें विधानसभा में बहुमत प्राप्त है। इसका मतलब राज्यपाल की व्यक्तिगत पसंद नहीं होता। अदालतों ने स्पष्ट किया है कि सरकार के बहुमत का फैसला केवल विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से ही तय होगा। हाल ही के वर्षों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राज्यपाल और सरकार के बीच विवादों के कारण यह विषय चर्चा में रहा है।

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(REGIONAL OFFICE, UJJAIN) (Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (U) Ltd.)
Admin. Building, New Plot No. 152, Village Narwar, Tehsil Ujjain, Distt. Ujjain-456664 (M.P.)
Phone : (O) +91-734-2990173, 2990174, Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roujn@mpidc.co.in
GSTIN : 23AACCM6080D8ZN, CIN : U51102MP1977SGC001392

No. MPIDC/ROUJJ/TECH/2026-27/589 Date : 07.05.2026

**NOTICE INVITING TENDER (IIND CALL)**

M.P. Industrial Development Corporation Ltd., Regional Office Ujjain invites online percentage rate bids from registered contractors and Firms having relevant experience for the following work :-

| Sr.No. | Name of Works | PAC | EMD | Cost of Tender Form |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 1 No. 33KV Bay towards reorientation of existing 33KV Shivgarh feeder from 132KV S/s Ratlam to 220 KV S/s Ratlam and providing 33 KV power supply from the vacant bay at 132KV S/s Ratlam to Substation for Industrial Park Alcohol Plant Ratlam. | Rs. 48.91 Lacs | Rs. 50,000/- | Rs. 5,900/- (i/c GST) |

**Note :** Tender Form Fee and EMD exemptions for MSMEs are not applicable.
The tender document can be downloaded from the e-procurement Portal **https://mptenders.gov.in** MPIDC Ltd.

M.P. Madhyam/125677/2026 **EXECUTIVE ENGINEER**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकारगण खोजेमा, जोहर उर्फ काईद जोहर, अतेका पिता हाजी कुतुबुद्दीन कासमजीवाला (बोहरा) द्वारा अधिकारगृहिता/मुख्त्यारआम फखरुद्दीन पिता मोहसीन अली, निवासी- 59 बैंक कॉलोनी, लोकेन्द्र टाकीज रतलाम जिला रतलाम (म.प्र.) की ओर से प्राप्त प्रतिबोधन एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगणों एवं मैसर्स पिरोदिया एण्ड पिरोदिया कंपनी के भागीदार कमल पिता हंसराज पिरोदिया, नाथु, सुखराम, किशन पिता नारायण जी, गंगाबाई पति नारायण जी गवली को म.प्र. शासन के द्वारा ग्राम बिबड़ौद तह. रतलाम जिला रतलाम स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 1123 में से 1.006 हैक्टे. की विनिमय के माध्यम से प्रदान की है तथा मेरे पक्षकारगण एवं संबधित के उक्त भूमि में 1/2 भाग पर समान, स्वत्व, हित, हक-अधिकार निहित है किन्तु उक्त व्यक्तियो के मुख्त्यारआम शलभ पिता गोपाल जी झालानी एवं कैलाश पिता लक्ष्मीनारायण झालानी, आदि के द्वारा मेरे पक्षकारगणो के हक-अधिकार प्रभावित करने के आशय से वादग्रस्त भूमियो का अवैध अनुचित तरीके से राजस्व अधिकारियो से सांठ-गांठ कर बंटाकन करवाकर नक्शा आदि सड़क किनारे की ओर से अपने नाम पर दर्ज करवा लिया है जबकि उक्त भूमि में बराबर स्वत्व, हित, हक-अधिकार है किन्तु उक्त व्यक्तियों के मन मे दुर्भावना आ जाने के कारण ये लोग सड़क किनारे की भूमि को स्वयं हड़प करना चाहते है ओर मेरे पक्षकारगणो को पीछे के हिस्से मे भूमि देना चाहते है ओर इसी दुर्भावना के चलते अवैध अनुचित तरीके से चिराग पिता विनोद कुमार गांधी निवासी-ओल्ड पलासिया इंदौर जिला इंदौर (म.प्र.) का नाम उक्त भूमि में से 0080/359 भाग पर अवैध अनुचित नामांतरण पंजी के आधार पर दर्ज करवा दिया है ओर अवैध अनुचित बंटाकन के आधार पर उक्त भूमियो का नया नम्बर-1123/2/3/2 रकबा 0.0015 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1123/2/3/1 रकबा 0.2855 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1123/2/4 रकबा 0.359 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1123/2/1 रकबा 0.180 हैक्टेयर, सर्वे क्रमांक 1123/2/2 रकबा 0.180 हैक्टेयर हो गया है, जिसके संबध मेरे पक्षकारगणों के द्वारा संबधित के विरूद्ध एवं उक्त सम्पूर्ण अवैध अनुचित कार्यवाही को निरस्त करने के लिये सिविल न्यायालय में दिवानीवाद क्रमांक 3ए/2026 प्रस्तुत किया है जो लंबित है ऐसी स्थिति में कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक उक्त भूमियां एवं मूल सर्वे क्रमांक 1123/2 रकबा 1.006 हैक्टेयर के किसी भी भाग के संबध में कोई क्रय/विक्रय नही करे, ना ही कोई अनुबंध-पत्र, विक्रयपत्र निष्पादित एवं संपादित करे, नाही भूमियों के स्वरूप आदि मे कोई परिवर्तन करे, नाही कोई निर्माण आदि करे, अन्यथा ऐसा कोई विक्रय/अंतरण अथवा सव्यवहार धारा 52 सम्पत्ति अंतरण अधिनियम के तहत प्रारंभ से शुन्य होकर मेरे पक्षकारगणो पर बंधनकारी नही होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक 08.05.2026

**नवीन कुमावत,** हाईकोर्ट एडवोकेट एफ, 368 दीनदयाल नगर रतलाम मो. 9993446001

Ghanesh

## MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

Madhya Pradesh Industrial Development Corporation
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
SECRETARIAT FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
21, Arera Hills, Bhopal-462011 M.P. (India)
Tel. : (91) 755-2571830, 2575618, 3523555, 3523505,
E-mail : helpdesk@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
CIN : U51102MP1977SGC001392

Ref. No. : MPIDC/LM/SWS-RFP/2026/NIT-05-01

क्रमांक 52/MPIDC/LM/NIT-05-01 दिनांक : 07.05.2026

**औद्योगिक क्षेत्र के औद्योगिक प्रयोजन के भूखंडों को ई-बिडिंग से आवंटन हेतु आवेदनों का आमंत्रण**

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, म.प्र. शासन के अधीन एमपी इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल द्वारा NIT 05-01 के माध्यम से मण्डला, जबलपुर, कटनी, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं नरसिंहपुर जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक प्रयोजन के भूखण्ड हेतु उपलब्ध भू-खंडों को E-Tender Cum Auction (E-Forward Auction) के माध्यम से आवंटित किया जाना है जिसकी प्रक्रिया दिनांक 08.05.2026 से **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर प्रारंभ होगी।

ई-बिडिंग में भाग लेने हेतु Class 3 Digital Signature होना आवश्यक है। नियम, प्रक्रिया एवं भू-खण्डों आदि की विस्तृत जानकारी MPIDC की वेबसाइट https://invest.mp.gov.in/ से भी प्राप्त की जा सकती है। ई-बिडिंग प्रक्रिया से [illegible] इसे https://mptenders.gov.in/ पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/125667/2026 **मुख्य महाप्रबंधक**

Signature Not Verified
Digitally signed by DHARMENDRA DODWE
Date: 2026.05.15 11:15:48 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग रतलाम

web site : www.mp.gov.in/pwdmp email: eepwdratlam@mp.nic.in
Phone- 07412-270437, Fax -232445

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01–02/एस.ए.सी./2026–27 रतलाम दिनांक 04.05.2026

**निविदा विज्ञप्ति**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB_504951_1 | रतलाम | श्री एल.एन. पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में सिवर लाईन लगाने, एम.डी.आर. वार्ड, ट्रेचिंग ग्राउण्ड में सी.सी. एप्रोच कार्य। | प्रथम | 19.28 |
| 2. | 2026_PWDRB_504963_1 | रतलाम | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रतलाम अंतर्गत अजन्ता कॉलोनी एवं अल्कापुरी के शासकीय आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. एवं डिपॉजीट कार्य। | प्रथम | 15.00 |
| | | | | योग | 34.28 |

उपरोक्त निविदा हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 19.0[illegible] सांय 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी [illegible] सक[illegible]। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों (यदि कोई हो) का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर [illegible] जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। कोई भी अभिलेख भौतिक रूप [illegible]प्त नहीं किये जावेंगे एवं ई.एम.डी. (RTGS, NEFT) के माध्यम से मात्र ऑनलाईन ही स्वीकार की [illegible]।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संभाग रतलाम**

G-12536/26